आसन्न विधानसभा आम निर्वाचन, 2024

# समाहरणालय, गढ़वा

**(जिला निर्वाचन शाखा)**

(E-mail ID – electiongarhwa1950@gmail.com)

पत्रांक 1824 / जि0निर्वा0, गढ़वा, दिनांक 04 / 10 / 2024

प्रेषक,

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह– उपायुक्त, गढ़वा।

सेवा में,

सभी कार्यालय प्रधान,
गढ़वा जिला।

**विषय :–** **आगामी विधानसभा आम निर्वाचन, 2024 के निमित्त पीठासीन पदाधिकारी, प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय मतदान पदाधिकारियों का प्रथम प्रशिक्षण के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक सूचित करना है कि आगामी विधानसभा आम निर्वाचन, 2024 के निमित्त गढ़वा जिले के **सभी पीठासीन पदाधिकारी, प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय मतदान पदाधिकारी को प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु दिनांक 06 से 08 अक्टूबर, 2024 तक गढ़वा एवं श्री बंशीधर नगर अनुमण्डल मुख्यालय में प्रशिक्षण कार्यक्रम निर्धारित है।** विधानसभावार प्रशिक्षण कार्यक्रम का विवरण निम्नवत है :–

- **गढ़वा अनुमण्डल – स्थल : +2 गोविन्द उच्च विद्यालय, गढ़वा में 15 कमरा।**

| दिनांक | प्रथम पाली (पूर्वा0 10:00 से अप0 01:00 बजे) | द्वितीय पाली (अप0 02:00 से 05:00 बजे) |
|---|---|---|
| *1* | *2* | *3* |
| 06.10.2024 | गढ़वा प्रखण्ड के सभी शिक्षक / सहायक अध्यापक एवं PNB, JRGB, Bandhan Bank, Bank of India, Central Bank एवं Union Bank के सभी पदाधिकारी / कर्मी। | प्रथम पाली में अंकित बैंक को छोड़कर शेष सभी बैंक एवं सभी अन्य कार्यालयों, समाहरणालय, प्रखण्ड एवं अंचल कार्यालय के सभी पदाधिकारी एवं कर्मी। |
| 07.10.2024 | मेराल, डण्डा, बड़गड़ प्रखण्डों के सभी शिक्षक, सहायक अध्यापक एवं प्रखण्ड, अंचल, अन्य कार्यालयों के सभी पदाधिकारी एवं कर्मी। | मझिआँव, काण्डी, बरडीहा प्रखण्ड के सभी शिक्षक, सहायक अध्यापक एवं प्रखण्ड, अंचल एवं अन्य कार्यालयों के सभी पदाधिकारी एवं कर्मी। |
| 08.10.2024 | डण्डई, रंका प्रखण्ड के सभी शिक्षक, सहायक अध्यापक एवं प्रखण्ड, अंचल, अन्य विभाग के सभी पदाधिकारी एवं कर्मी। | चिनिया, रमकण्डा, भण्डरिया प्रखण्ड के सभी शिक्षक, सहायक अध्यापक एवं प्रखण्ड, अंचल एवं अन्य विभागों के सभी पदाधिकारी एवं कर्मी। |

- **श्री बंशीधर नगर अनुमण्डल स्थल : आर0के0 +2 उच्च विद्यालय, नगर उँटारी में 10 कमरा।**

| दिनांक | प्रथम पाली (पूर्वा0 10:00 से अप0 01:00 बजे) | द्वितीय पाली (अप0 02:00 से 05:00 बजे) |
|---|---|---|
| *1* | *2* | *3* |
| 06.10.2024 | नगर उँटारी प्रखण्ड के सभी शिक्षक एवं सभी सहायक अध्यापक। | रमना प्रखण्ड के सभी शिक्षक / सहायक अध्यापक एवं रमना एवं नगर उँटारी प्रखण्ड, अंचल, अन्य विभागों के सभी पदाधिकारी एवं कर्मी। |
| 07.10.2024 | धुरकी प्रखण्ड के सभी शिक्षक, सहायक अध्यापक एवं प्रखण्ड, अंचल, अन्य विभागों के सभी पदाधिकारी एवं कर्मी। | केतार एवं बिशुनपुरा प्रखण्ड के सभी शिक्षक, सहायक अध्यापक एवं प्रखण्ड, अंचल एवं अन्य विभागों के सभी पदाधिकारी एवं कर्मी। |
| 08.10.2024 | सगमा, खरौंधी प्रखण्ड के सभी शिक्षक, सहायक अध्यापक एवं प्रखण्ड, अंचल, अन्य विभागों के सभी पदाधिकारी एवं कर्मी। | भवनाथपुर प्रखण्ड के सभी शिक्षक, सहायक अध्यापक एवं प्रखण्ड, अंचल एवं अन्य विभागों के सभी पदाधिकारी एवं कर्मी। |

आसन्न विधानसभा आम निर्वाचन, 2024

श्री संजय कुमार प्रसाद, जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा अनुमण्डल गढ़वा में तथा श्री रविन्द्र कुमार, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, खरौंधी श्री बंशीधर नगर अनुमण्डल में उपस्थित रहकर अपने पर्यवेक्षण में सभी कर्मियों को प्रशिक्षण प्रदान करना सुनिश्चित करेंगे।

अनुमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा एवं श्री बंशीधर नगर अपने अधीनस्थ प्रखण्डों से प्रोजेक्टर एवं लैपटॉप प्राप्त कर प्रशिक्षण हेतु सभी कमरों में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

अतः निदेश है कि अपने कार्यालय अधीनस्थ कर्मियों को उपरोक्त कार्यक्रम के अनुरूप उक्त वर्णित तिथियों को निर्धारित स्थल पर ससमय उपस्थित होकर प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने हेतु निदेशित करना सुनिश्चित करेंगे।

विश्वासभाजन,

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह– उपायुक्त, गढ़वा।

ज्ञापांक 1824 / जि0 निर्वा0, दिनांक 04 / 10 / 2024

प्रतिलिपि :– मंत्रिमण्डल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा वेबकास्टिंग हेतु चयनित एजेंसी मेसर्स श्री पब्लिकेशन एंड स्टेशनर्स, राँची को प्रशिक्षण स्थल पर वेबकास्टिंग कैमरा अधिष्ठापित करने हेतु सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– सभी पदाधिकारी / कर्मी, गढ़वा जिला को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– सभी DLMT/ALMT/Master Trainer, गढ़वा जिला को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित। निदेश दिया जाता है कि ससमय उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्रदान करना सुनिश्चित करेंगे।

प्रतिलिपि :– प्राचार्य / प्रधानाध्यापक, +2 गोविन्द उच्च विद्यालय, गढ़वा एवं आर0के0 +2 उच्च विद्यालय, नगर उँटारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेश दिया जाता है कि अपने विद्यालय में प्रशिक्षण हेतु निर्धारित तिथियों को कमरा, फर्निचर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

प्रतिलिपि :– जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा एवं प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, खरौंधी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :– अनुमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा एवं श्री बंशीधर नगर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेश दिया जाता है कि विधानसभा स्तर पर उपरोक्त प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु सभी आवश्यक व्यवस्था, उपयुक्त कमरा, फर्नीचर, चाय–पानी आदि अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

प्रतिलिपि :– वरीय / नोडल पदाधिकारी, प्रशिक्षण कोषांग, गढ़वा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेश दिया जाता है कि अपनी निगरानी में उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न कराना सुनिश्चित करेंगे।

प्रतिलिपि :– पुलीस अधीक्षक, गढ़वा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह– उपायुक्त, गढ़वा।